पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राज्य विश्वविद्यालयों को पत्र भेजा

नकल विहीन परीक्षा के लिए उड़ाका दल का गठन करें - श्री नाईक

लखनऊ 26 फरवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए समस्त राज्य विश्वविद्यालय के कुलपतियों को पत्र भेजकर शैक्षिक सत्र 2015-16 की परीक्षायें समय से सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन कराने हेतु प्रभावी कदम उठाने को कहा है।

राज्यपाल ने अपने पत्र में विश्वविद्यालयों से परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित कर नकल विहीन परीक्षायें करायें जाने हेतु उड़ाका दल का गठन करने के निर्देश दिये है। उन्होंने यह भी कहा है कि यदि उड़ाका दल के गठन में कोई असुविधा हो तो जिला प्रशासन से सहयोग लें। राज्यपाल ने कुलपतियों से अपेक्षा की है कि कृत कार्यवाही से मार्च के प्रथम सप्ताह तक अवगत कराया जाय।

अंजुम/ललित/राजभवन(72/31)